प्रेस विज्ञप्ति

अपशिष्ट से ऊर्जा उत्पादन: इरेडा ने इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एसटीपी का शुभारंभ किया

नई दिल्ली, 19 सितंबर 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) द्वारा सतत शहरी बुनियादी ढांचे की दिशा में एक कदम के रूप में, अपनी सीएसआर पहल के तहत वित्तपोषित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) एनेक्सी, नई दिल्ली में 25,000 लीटर प्रतिदिन (25 केएलडी) सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) चालू किया गया ।

इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार महान्ती और आईआईसी के अध्यक्ष एवं भारत के पूर्व विदेश सचिव, श्री श्याम सरन द्वारा उद्घाटन किया गया यह एसटीपी, आईआईसी की सुविधाओं का आधुनिकीकरण करेगा और हरित संचालन सुनिश्चित करेगा। यह संयंत्र शौचालयों, स्नानघरों और रसोई से निकलने वाले जैव-निम्नीकरणीय कचरे से उत्पन्न कीचड़ से बिजली उत्पन्न करेगा। इसे बागवानी और औद्योगिक उपयोग के लिए अपशिष्ट पानी का पुनर्चक्रण करने और साथ ही गंदगी को कम करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है।

डॉ. महान्ती ने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत के जलवायु लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इस तरह की सतत प्रणाली अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने हरित ऊर्जा के लिए सीवेज अपशिष्ट के पुन: उपयोग करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाने के लिए आईआईसी की सराहना की। इस अवसर पर आईआईसी के निदेशक, श्री के.एन. श्रीवास्तव सहित इरेडा और आईआईसी के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

अपने संदेश में, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि: "इरेडा का सीएसआर हस्तक्षेप इस एसटीपी जैसी प्रभावशाली परियोजनाओं पर केंद्रित हैं, जोकि सामुदायिक कल्याण को हरित नवाचार के साथ एकीकृत करते हैं। ऐसी पहल ना केवल पर्यावरणीय स्थिरता में योगदान देती हैं, बल्कि दूसरों के लिए अनुकरणीय बेंचमार्क भी स्थापित करती हैं।"